**Series : HMJ/4**

**SET – 3**

कोड नं.
Code No. **59/4/3**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **15** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिनें हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *प्रश्न-पत्र* ***पाँच*** *खण्डों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग, घ और ङ ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड–क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***20*** *तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***एक*** *शब्द या* ***एक*** *वाक्य परन्तु* ***20*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* ***खण्ड–ख*** *में प्रश्न संख्या* ***21*** *से* ***23*** *तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***2*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***40*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* ***खण्ड–ग*** *में प्रश्न संख्या* ***24*** *से* ***27*** *तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***100*** *शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड–घ*** *में प्रश्न संख्या* ***28*** *से* ***30*** *तक दो प्रश्न अवतरण पर तथा एक प्रश्न चित्र अथवा कार्टून पर आधारित है । प्रत्येक प्रश्न* ***5*** *अंकों का है । जिसमें प्रत्येक का उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*प्रश्न संख्या* ***31*** *मानचित्र संबंधित है जिसमें महत्त्वपूर्ण स्थानों की पहचान दी गई जानकारी के आधार पर ही की जानी है । इसका उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड–ङ*** *में प्रश्न संख्या* ***32*** *से* ***34*** *तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***6*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होना चाहिए और साथ ही उपरोक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, एक-एक अंक वाले एक प्रश्न में, चार-चार अंकों वाले एक प्रश्न में तथा छः- छः अंकों वाले* ***तीनों*** *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से* ***केवल एक ही विकल्प का उत्तर*** *लिखिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक अनुभाग और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

**General Instructions :**

**Read the following instructions very carefully and strictly follow them :**

(i) *Question paper comprises* ***five*** *sections – A, B, C, D and E. All questions are compulsory.*

(ii) *Section* ***A*** *– Question number* ***1*** *to* ***20*** *are very short-answer type questions carrying* ***1*** *mark each. They are required to be answered in one word or one sentence each but not exceeding* ***20*** *words.*

(iii) *Section* ***B*** *– Question number* ***21*** *to* ***23*** *are short answer type questions carrying* ***2*** *marks each. Answers to them should not exceed* ***40*** *words each.*

(iv) *Section* ***C*** *– Question number* ***24*** *to* ***27*** *are long answer type questions carrying* ***4*** *marks each. Answers to them should not exceed* ***100*** *words each.*

(v) *Section* ***D*** *– Question number* ***28*** *to* ***30*** *are* ***two*** *passage based questions and* ***one*** *picture OR cartoon based question carrying* ***5*** *marks each. Answers to them should not exceed* ***150*** *word each.*

*Question No.* ***31*** *is a map question that includes identification of important places on the basis given information. Write its answers in your answer-book.*

(vi) *Section* ***E*** *– Question number* ***32*** *to* ***34*** *are long answer type questions carrying* ***6*** *marks each. Answer to them should not exceed* ***150*** *words each.*

(vii) *Answer should be brief and to the point and the above word limit be adhered to as far as possible.*

(viii) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in* ***1*** *question of* ***one*** *mark,* ***1*** *question of* ***four*** *marks and* ***3*** *questions of* ***six*** *marks. Only* ***one*** *of the choices in such questions is to be attempted.*

(ix) *However, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## खण्ड – क

1. 'तटस्थता' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । 1

   **अथवा**

   'पृथकतावाद' से क्या अभिप्राय है ? 1

2. निम्नलिखित वाक्य को संशोधित कर पुनः अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :
   विश्व की सांझी सम्पदा उन संसाधनों को कहते हैं जिन पर केवल बड़े देशों का अधिकार होता है । 1

3. निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन 'वैश्वीकरण' का सही कारण है ?
   (a) इसका प्रारम्भ अमरीका के लोगों द्वारा हुआ ।
   (b) प्रौद्योगिकी ने वैश्वीकरण को जन्म दिया ।
   (c) शीत युद्ध के कारण वैश्वीकरण प्रारंभ हुआ ।
   (d) गुट-निरपेक्षता की नीति ने वैश्वीकरण को जन्म दिया । 1

4. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्य होने के नाते ब्रिटेन और फ्रांस को कौन सा विशेषाधिकार प्राप्त है ? 1

5. वाक्य को सार्थक बनाने के लिए इसे पूरा कीजिए ।
   संयुक्त राष्ट्र द्वारा हमला करने की अनुमति न देने के बावजूद, राष्ट्रपति क्लिंटन ने "ऑपरेशन _________ _________" का आदेश दिया । $2 \times \frac{1}{2} = 1$

6. किस अंतर्राष्ट्रीय संस्था के उत्तराधिकारी के रूप में, संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की गई ? 1

7. लिट्टे (एल.टी.टी.ई.) का विस्तृत रूप लिखिए । 1

8. निम्नलिखित में से कौन सा कथन 'शॉक थेरैपी' का परिणाम <u>नहीं</u> था ?
   (a) समाज कल्याण की पुरानी व्यवस्था नष्ट हो गई ।
   (b) उद्योगों को निजी क्षेत्र में बेचा गया ।
   (c) रूसी मुद्रा 'रुबल' के मूल्य में नाटकीय वृद्धि हुई ।
   (d) रूस को खाद्यान का आयात करना पड़ा । 1

9. गुट-निरपेक्षता के पीछे बुनियादी विचार क्या था ? 1

10. वाक्य को अर्थपूर्ण बनाने के लिए रिक्त स्थान को किसी एक उपयुक्त शब्द से भरिये ।
    "शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ ________ विचारधारा का प्रतिनिधित्व करता था ।" 1

11. चिपको आंदोलन को न्यायसंगत सिद्ध करने के लिए कोई एक उपयुक्त तर्क दीजिए । 1

## SECTION – A

1. Explain the meaning of 'Neutrality'. **1**

**OR**

Explain the meaning of 'Isolationism'. **1**

2. Correct and rewrite the following sentence in your answer book.
Global commons are those resources which are owned by big countries only. **1**

3. Which one of the following is a right cause of globalisation ?
   (a) The U.S. people initiated globalisation.
   (b) Technology led to globalisation.
   (c) The Cold War led to globalisation.
   (d) The policy of Non-alignment led to globalisation. **1**

4. As permanent members of the U.N. Security Council, which special power do Britain and France enjoy ? **1**

5. Complete the sentence to make it meaningful.
Even after the U.N. refused to give its mandate to the invasion, President Clinton ordered "Operation ________ ________". **2 × ½ = 1**

6. The U.N. was founded as a successor to which international organization ? **1**

7. Write the full form of LTTE. **1**

8. Which one of the following was NOT an outcome of 'Shock Therapy' ?
   (a) The old system of social welfare got destroyed.
   (b) Industries were put up for sale to the private sector.
   (c) The value of the Russian currency, the 'Ruble' rose dramatically.
   (d) Russia started to import food grains. **1**

9. What was the core idea behind Non-alignment ? **1**

10. Fill in the blank with a suitable word to make the sentence meaningful.
"Soviet Union represented the ideology of _________ during the Cold War." **1**

11. Give any one suitable argument to justify the Chipko Movement. **1**

12. निम्नलिखित में से उस प्रधानमंत्री की पहचान कीजिए जिसने भारत की पहली गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया :

(a) अटल बिहारी वाजपेयी

(b) वी.पी. सिंह

(c) मोरारजी देसाई

(d) एच.डी. देवेगौड़ा 1

13. भारत में 1972 में होने वाले पाँचवें आम चुनावों को समय से पूर्व 1971 में करवाए जाने के मुख्य कारण का विश्लेषण कीजिए। 1

14. स्वतंत्र पार्टी की विचारधारा की कोई एक विशेषता लिखिए। 1

15. कांग्रेस पार्टी के एक भाग के रूप में 'कांग्रेस सिंडीकेट' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

16. किसी एक उदाहरण की सहायता से दर्शाइये कि शीत-युद्ध के दौरान, भारत सोवियत संघ की निंदा करने से कब बचता रहा। 1

17. क्या भारत के संविधान में 'अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा' का उल्लेख कहीं किया गया है ? यदि हाँ, तो इसे संविधान में कहाँ और कौन से अनुच्छेद के अंतर्गत उल्लेखित किया गया है ? 1

18. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प भारत में विकास की नीति के शुरुआती दौर में शामिल नहीं था ?

(a) नियोजन

(b) आत्म-निर्भरता

(c) निजीकरण

(d) सामाजिक और आर्थिक न्याय 1

19. मुस्लिम लीग द्वारा प्रस्तुत 'द्वि-राष्ट्र सिद्धान्त' क्या था ? 1

20. 1996 की संयुक्त मोर्चा सरकार, 1989 की राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के समान क्यों थी ? 1

12. Identify the Prime Minister of India from amongst the following who headed the first Coalition Government in India.
   (a) Atal Bihari Vajpayee
   (b) V.P. Singh
   (c) Morarji Desai
   (d) H.D. Deve Gowda **1**

13. Analyse the reason for preponing the fifth General Elections in India from 1972 to 1971. **1**

14. State any one feature of the ideology of Swatantra Party. **1**

15. Explain the meaning of 'Congress Syndicate' as a part of the Congress Party. **1**

16. Show with the help of any one example when India refrained to condemn the U.S.S.R. during the Cold War period. **1**

17. Is there any mention of 'International Peace and Security' in the Constitution of India ? If yes, then where and under which Article of the Constitution has it been mentioned ? **1**

18. Which one of the following was not a part of the early phase of India's development policy ?
   (a) Planning
   (b) Self sufficiency
   (c) Privatisation
   (d) Social and economic justice **1**

19. What was the 'two nation theory' as advanced by the Muslim League ? **1**

20. Why was the United Front Government of 1996 similar to the National Front Government of 1989 ? **1**

### खण्ड–ख

21. ऐसे दो तथ्य उजागर कीजिए जिससे यह स्थापित होता है कि रूस को सोवियत संघ का उत्तराधिकारी स्वीकार किया गया। **$2 \times 1 = 2$**

22. संयुक्त राष्ट्र की किन्हीं चार एजेन्सियों के नाम लिखिए जो सामाजिक और आर्थिक मुद्दों के लिए काम करती हैं। **$4 \times ½ = 2$**

23. किन्हीं दो उदाहरणों की सहायता से दर्शाइये कि इंदिरा गांधी, 1969 में सिंडीकेट के साथ झगड़े के बावजूद, लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं का समर्थन प्राप्त करने में सफल रही हैं। **$2 \times 1 = 2$**

### खण्ड – ग

24. तिब्बत के शरणार्थियों की सहायतार्थ, भारत की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए। **4**

25. भारतीय जनसंघ की कोई चार नीतियाँ और कार्यक्रम लिखिए। **$4 \times 1 = 4$**

26. एक क्षेत्रीय संगठन के रूप में आसियान के महत्त्व की व्याख्या कीजिए। **4**

**अथवा**

1949 में चीनी जनवादी गणराज्य बनने के पश्चात्, साम्यवादी चीन के आर्थिक विकास के लिए उत्तरदायी किन्हीं चार कारकों की व्याख्या कीजिए। **$4 \times 1 = 4$**

27. क्षेत्रीय आंदोलनों और संघर्षों से सीखे गए किन्हीं दो सबकों (पाठों) को उजागर कीजिए। **$2 \times 2 = 4$**

### खण्ड – घ

28. निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार की हार से पार्टी का टूटना तय हो गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को अपनी पार्टी से निष्कासित कर दिया। पार्टी से निष्कासित प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी ही असली कांग्रेस है। 1969 के नवंबर तक सिंडिकेट की अगुवाई वाले कांग्रेसी खेमे को कांग्रेस (ऑर्गनाइजेशन) और इंदिरा गांधी की अगुवाई वाले कांग्रेसी खेमे को कांग्रेस (रिक्विजिनिस्ट) कहा जाने लगा था। इन दोनों दलों को क्रमश: 'पुरानी कांग्रेस' और 'नयी कांग्रेस' भी कहा जाता था। इंदिरा गांधी ने पार्टी की इस टूट को विचारधाराओं की लड़ाई के रूप में पेश किया।

(i) यह अवतरण किस निर्वाचन से संबंधित है ?

(ii) इस निर्वाचन में कांग्रेस का आधिकारिक प्रत्याशी कौन था ?

(iii) तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को पार्टी से निष्कासित क्यों किया ?

(iv) इंदिरा गांधी के अनुसार, कांग्रेस पार्टी की टूट एक विचारधारात्मक विभाजन कैसे था ?

**$1 + 1 + 1 + 2 = 5$**

## SECTION – B

21. Highlight any two facts that establish that Russia was accepted as the successor state of the Soviet Union. **2 × 1 = 2**

22. Name any four agencies of the United Nations that deal with social and economic issues. **4 × ½ = 2**

23. Show with the help of any two examples that Indira Gandhi could win the support of people and party workers against the clash with Syndicate in 1969. **2 × 1 = 2**

## SECTION – C

24. Evaluate the role played by India in helping the Tibetan refugees. **4**

25. State any four policies and programmes of Bharatiya Jana Sangh. **4 × 1 = 4**

26. Explain the importance of ASEAN as a regional organization. **4**

**OR**

Explain any four factors responsible for the economic growth of communist China after the inception of People's Republic of China in 1949. **4 × 1 = 4**

27. Highlight any two lessons learnt from the regional agitations and movements. **2 × 2 = 4**

## SECTION – D

28. Read the passage given below carefully and answer the questions that follows :

The defeat of the official Congress candidate formalized the split in the party. The Congress President expelled the Prime Minister from the party; she claimed that her group was the real congress. By November 1969, the Congress group led by the 'syndicate' came to be referred to as the Congress (Organization) and the group led by Indira Gandhi came to be called the Congress (Requisitionists). These two parties were also described as Old Congress and New Congress. Indira Gandhi projected the split as an ideological divide.


(i) The passage is related to which election in India ?

(ii) Who was the official Congress candidate in that election ?

(iii) Why did then Congress President expelled the Prime Minister from the party ?

(iv) According to Indira Gandhi, how was the split in the Congress an ideological divide ? **1 + 1 + 1 + 2 = 5**

29. नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :




(i) जब कोई नये देश परमाणु–शक्ति संपन्न होने की दावेदारी करते हैं तो बड़ी ताकतें क्या रवैया अपनाती हैं ?

(ii) हमारे पास यह कहने का क्या आधार हैं कि परमाण्विक हथियारों से लैस कुछ देशों पर तो विश्वास किया जा सकता है परंतु कुछ पर नहीं ?

(iii) बड़ी ताकतों, उत्तर कोरिया तथा ईरान के अतिरिक्त, किन्हीं दो अन्य देशों के नाम लिखिए जिनके पास परमाणु हथियार हैं । **2 + 2 + 1 = 5**

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए** प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं :

(29.1) पारंपरिक सुरक्षा नीति के एक तत्त्व के रूप में 'गठबंधन बनाने' को स्पष्ट कीजिए ।

(29.2) युद्ध को न्यायसंगत ठहराने के लिए किन्हीं दो उचित कारणों का उल्लेख कीजिए ।

(29.3) एन.पी.टी. (NPT) का विस्तृत रूप लिखिए । **2 + 2 + 1 = 5**

30. नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :


शीतयुद्ध के वर्षों में भारत अमरीकी गुट के विरुद्ध खड़ा था । इन सालों में भारत की करीबी दोस्ती सोवियत संघ से थी । सोवियत संघ के बिखरने के बाद भारत ने पाया कि लगातार कटुतापूर्ण होते अंतर्राष्ट्रीय माहौल में वह मित्रविहीन हो गया है । इसी अवधि में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था का उदारीकरण करने तथा उसे वैश्विक अर्थव्यवस्था से जोड़ने का भी फैसला किया । इस नीति और हाल के सालों में प्रभावशाली आर्थिक वृद्धि–दर के कारण भारत अब अमरीका समेत कई देशों के लिए आकर्षक आर्थिक सहयोगी बन गया है ।

(i) शीतयुद्ध काल के वर्ष कौन से थे ?

(ii) भारत और सोवियत संघ के बीच करीबी दोस्ती के लिए उत्तरदायी कोई दो कारक स्पष्ट कीजिए ।

(iii) आर्थिक उदारीकरण के ऐसे दो उदाहरण दीजिए जिनसे भारत को लाभ पहुँचा हो । **1 + 2 + 2 = 5**

29. Study the cartoon given below carefully and answer the questions that follow :




(i) How do the big powers react when new countries claim nuclear status ?

(ii) On what basis can we say that some countries can be trusted with nuclear weapons while others can't be ?

(iii) Besides the big powers, N. Korea and Iran, name any other two countries which possess nuclear weapons ? **2 + 2 + 1 = 5**

**Note :** The following questions are for the **visually impaired** candidates only in lieu of Q. No. 29.

(29.1) Explain alliance building as a component of traditional security.

(29.2) Mention any two right reasons to justify war.

(29.3) Write the full form of NPT. **2 + 2 + 1 = 5**

30. Read the passage given below carefully and answer the following questions :

During the Cold War years, India found itself on the opposite side of the divide from the U.S. India's closest friendship during those years was with the Soviet Union. After the collapse of the Soviet Union, India suddenly found itself friendless in an increasingly hostile international environment. However, these were also the years when India decided to liberalise its economy and integrate it with the global economy. This policy and India's impressive economic growth rates in recent years have made the country an attractive economic partner for a number of countries including the U.S.


(i) Which were the years of the Cold War period ?

(ii) Explain any two factors responsible for the close relationship between India and the Soviet Union.

(iii) Give any two examples of economic liberalization that have benefitted India.


**1 + 2 + 2 = 5**

31.




दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र में पाँच राज्यों को (A), (B), (C), (D) और (E) से चिह्नित किया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर पुस्तिका में उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए :

| | प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|---|
| (i) | | | |
| (ii) | | | |
| (iii) | | | |
| (iv) | | | |
| (v) | | | |

31. 


In the given outline political map of India, five states have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. Identify these states on the basis of the information given below and write their correct names in your answer book alongwith the respective serial number of the information used and the concerned alphabets in the map as per the following format.

| | **Serial No. of the information used** | **Concerned Alphabet** | **Name of the State** |
|---|---|---|---|
| (i) | | | |
| (ii) | | | |
| (iii) | | | |
| (iv) | | | |
| (v) | | | |

(i) वह देसी रियासत जिसने भारत में विलय का विरोध किया था ।

(ii) वह राज्य जिसे पंजाब से काटकर 1966 में बनाया गया था ।

(iii) वह राज्य जिसको दिसम्बर 1952 में गठित किया गया ।

(iv) भारत संघ का 22वाँ राज्य

(v) वह राज्य जिसको 1960 में बनाया गया । **5 × 1 = 5**

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र** प्रश्न संख्या **31** के स्थान पर है :
दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(31.1) ऐसे दो देसी रजवाड़ों के नाम लिखिए जिन्होंने स्वतंत्रता के पश्चात्, भारत के साथ विलय करने का विरोध किया ।

(31.2) देसी रजवाड़ों के राजाओं द्वारा 'इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन' पर हस्ताक्षर किए जाने का क्या अर्थ था ?

(31.3) हैदराबाद के लोगों ने निज़ाम के विरुद्ध विद्रोह क्यों किया ?

(31.4) पोट्टि श्रीरामुलु कौन थे तथा आंध्रप्रदेश के गठन में उनका क्या योगदान रहा ? **1 + 1 + 1 + 2 = 5**

## खण्ड – ङ

32. 'पृथ्वी सम्मेलन' तथा 'यूनाइटेड नेशंस फ्रेमवर्क कंवेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज'–1992 को ध्यान में रखते हुए 'साझी परंतु अलग-अलग जिम्मेदारियाँ' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । **6**

**अथवा**

दुनिया के लोगों पर वैश्वीकरण के किन्हीं छ: प्रभावों की व्याख्या कीजिए । **6 × 1 = 6**

33. "शीतयुद्ध ने हथियारों की होड़ के साथ-साथ हथियारों पर नियंत्रण को भी बढ़ावा दिया ।" किन्हीं तीन उपयुक्त तर्कों की सहायता से इस कथन की पुष्टि कीजिए । **3 × 2 = 6**

**अथवा**

"वर्तमान एक ध्रुवीय विश्व में रूस के साथ अपने मज़बूत मैत्रीपूर्ण संबंधों के बावजूद, भारत को अपनी विदेश नीति बदलनी चाहिए और संयुक्त राज्य अमरीका से अपने सम्बंध बेहतर करने चाहिए ।" इस कथन के समर्थन में कोई तीन उपयुक्त तर्क दीजिए । **3 × 2 = 6**

34. भारतीय राजनीति में एक राजनीतक ताकत के रूप में अन्य पिछड़ी जातियों के उदय तथा प्रभाव का वर्णन कीजिए । **3 + 3 = 6**

**अथवा**

चिपको आंदोलन की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए । **4 × 1½ = 6**

(i) The Princely State which resisted its merger with Union of India.

(ii) The state which was carved out of Punjab in 1966.

(iii) The state which was created in December 1952.

(iv) The 22nd State of the Indian Union.

(v) The state that was created in 1960. **5 × 1 = 5**

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. **31** :

Answer the following questions :

(31.1) Mention any two Princely States that resisted their merger with the Indian Union just after independence.

(31.2) What did the signing of the 'Instrument of Accession' by the rulers of the Princely States mean ?

(31.3) Why did the people of Hyderabad rise against the Nizam ?

(31.4) Who was Potti Sriramulu and what was his contribution for the formation of Andhra state ? **1 + 1 + 1 + 2 = 5**

## SECTION – E

32. Explain the meaning of 'Common but differentiated responsibilities' in the light of the 'Earth Summit' and the United Nations framework Convention on Climate Change-1992. **6**

**OR**

Explain any six effects of globalisation on the people all over the world. **6 × 1 = 6**

33. "The Cold War promoted an arms race as well as arms control." Support the statement with any three suitable arguments. **3 × 2 = 6**

**OR**

"In the present unipolar world inspite of strong friendly bonds with Russia, India should change its foreign policy and improve its relations with the U.S.A." Support the statement with any three suitable arguments. **3 × 2 = 6**

34. Describe the rise and impact of Other Backward Classes as a political force in Indian politics. **3 + 3 = 6**

**OR**

Describe any four features of the Chipko Movement. **4 × 1½ = 6**